तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 21 जनवरी 2025



11 कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण को लेकर...





12 क्षेत्र के हजारों लोगों को जीवन मूल्य की मिलेगी ...






## खबर संक्षेप



### दिव्यांग बच्चे ने जीते 14 मेडल

**राजिम।** ओपन चैंपियनशिप आर्मरसलिंग में सक्षम दिव्यांग राजिम के दृष्टि बाधित बालक-बालिकाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिव्यांग बच्चों ने 14 मेडल जीते जिसमें भीष्म नारायण अंडर 55 किलो जूनियर कैटेगरी गोल्ड मेडल, अंडर 60 किलो राइट हैंड जूनियर कैटेगरी गोल्ड मेडल, अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड जूनियर कैटेगरी गोल्ड मेडल, रामशरण अंडर 70 किलो लेफ्ट हैंड ब्रांच मेडल, अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड गोल्ड मेडल अंडर 65 किलो जूनियर कैटेगरी गोल्ड मेडल,हरित लोहार अंडर 50 किलो जूनियर कैटेगरी सिल्वर मेडल अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड सिल्वर मेडल राइट हैंड गोल्ड मेडल,सिल्वर मेडल ,मुनिया निषाद अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड ब्रांच मेडल अंडर 50 किलो जूनियर लेफ्ट हैंड ब्रांच मेडल, राइट हैंड सिल्वर मेडल, ब्रांच मेडल लेकर आए। इन बच्चो का मार्गदर्शन प्रधानपाठक उमेश्वरी साहू व प्रेरक संस्था प्रमुख रामगुलाल सिन्हा ने किया।

### बेलर में भागवत कथा का शुभारंभ आज से

छुईहा बेलर। राधाकृष्ण मंदिर परिसर बेलर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 21 जनवरी से शुभारंभ होगा। व्यास पीठ से कथा वाचक सिद्धेश्वरानंद लफंदी वाले होंगे। रमणीक साहू बेलर ने कहा कि स्व. वैतुराम दशटरी बाई ध्रुव द्वारा स्थापित श्री राधाकृष्ण मंदिर बेलर के 25 वर्ष रजत जयंती के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 21 से 29 जनवरी तक श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर, बेलर मे प्रतिदिन सुबह 10.30 से 1.00 बजे, दोपहर 2.30 से 5.00 बजे तक कथा होगी। महाराज के समस्त शिष्यगण एवं पंचकोशी परिवार तथा समस्त ग्रामवासी के संयोजन व प्रयास से कार्यक्रम आयोजित है।

### बेलर मड़ई आज

**छुईहा बेलर।** ग्रामवासी बेलर के तत्वाधान में दो द्विवसीय वार्षिक मड़ई मेला महोत्सव 21 एवं 22 जनवरी को मनाया जाएगा। दोपहर बाद साथ ही कदाईल एवं बैरक के साथ राऊत नाचा देखने को मिलेगा। क्षेत्र का बड़ा मड़ई होने के कारण मेला उत्सव दो दिन तक भरा रहता है। वहीं दोनों दिन रात्रीकालीन दर्शकों के मनोरंजन कार्यकम 21 को मंगल सिंग डाकु सांकरा बालोद तुलसी के पूजा कचानदुर बालोद का छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं 22 जनवरी को राम मंदिर अयोध्या प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे दोपहर रामायण मंडली का मानसगान आयोजन किया गया है। सरपंच टायल साहू, पूर्व उपसरपंच खोमन साहू बेलर, मलेशु ध्रुव, करण मानिकपुरी, पिलाचंद टंडन, नंदकुमार ने उक्त जानकारी दी।

### आज से फिर विक्षोभ होगा सक्रिय न्यूनतम तापमान 15 से 11 डिग्री

रसेला । क्षेत्र का पारा महज 24 घंटे में ही चार डिग्री लुढ़क गया है। न्यूनतम तापमान 15 से 11 डिग्री पर आ गया है। दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा होने के बावजूद दिन में हल्की ठंड महसूस हुई। हालांकि अब फिर से तापमान में वृद्धि का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से शहर का मौसम बार-बार बदल रहा है। न्यूनतम तापमान में भारी वृद्धि होने के बाद इसमें गिरावट आई।अब फिर से इसमें वृद्धि का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। नतीजा ये हुआ कि लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि कब ठंड महसूस होगी और कब नहीं। जब से जनवरी महीना शुरू हुआ है, मौसम में लगातार बदलाव की ▶▶|शेष पेज 10 पर

# विकास कार्यों की अनदेखी पर नाराज ग्रामीणों ने किया पंचायत चुनाव बहिष्कार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गरियाबंद

ग्राम पंचायत लोहरसी में विकास कार्यों की अनदेखी से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों ने पुल, सीसी रोड और नाली निर्माण की मांग को लेकर संयुक्त जिला कार्यालय पहुंचकर प्रशासन से हस्तक्षेप की अपील की। लोहरसी के डीपरापारा मोहल्ले में तीन से चार वार्डों में रहने वाले पांच सौ से अधिक वोटर कई वर्षों से सड़क और पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। बारिश के दिनों में यहां के रास्ते दलदल और पानी से भर जाते हैं, जिससे स्कूली बच्चों और आम जनता को भारी परेशानी का ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ सड़क और पुल निर्माण की मांग

## गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे लोहरसी के ग्रामीण



### चुनाव में नहीं लेंगे भाग

लोहरसी के ग्रामीणों की समस्याएं प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के वादों के बीच उलझी हुई हैं। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तो वे चुनावी प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे। यह देखना अब प्रशासन और स्थानीय नेताओं की जिम्मेदारी है कि वे इन वादों को कितनी जल्दी और प्रभावी तरीके से पूरा करते हैं।



**रोड नहीं, तो वोट नहीं का नारा-** ग्रामीणों ने सड़क, पुल, नाली नहीं तो वोट नहीं/" का नारा लगाते हुए पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, तो वे किसी भी प्रत्याशी को गांव में घुसने नहीं देंगे।

**ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद-** इस मामले पर जनपद सदस्य दीपक साहू ने कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि गांव के विकास कार्य में बाधा नहीं डाल सकता। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा बताया। वहीं, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू और विधायक रोहित साहू ने कहा कि पुल और सीसी रोड के निर्माण कार्य की स्वीकृति हो चुकी है और जल्द ही काम शुरू होगा।

## चुनाव : बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स व होर्डिंग्स एक ही दिन में उखाड़ दिए गए, पुलिस अलर्ट

# आचार संहिता लगी, लड़ाकों का ठिकाना नहीं, अभी भी चल रहा है बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|राजिम

नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए सोमवार दोपहर को जैसे ही आचार संहिता लगा वैसे ही चुनावी बिगुल बजने के साथ ही प्रशासन हरकत में आ गया और पुलिस भी अलर्ट हो गई। शहर के विभिन्न चौक-चौराहो में लगे पोस्टर, फ्लैक्स, होर्डिंग्स को पालिका प्रशासन धड़ाधड़ निकालने में जुट गए। एक ही दिन में सारे पोस्टर उखाड़कर रख दिया गया। राजिम सीएमओ मनीष कुमार ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद अब यदि पोस्टर और फ्लैक्स, होडिंग्र्स भी लगाना है तो प्रशासन के अनुमति मिलने के बाद ही लगाया जा सकेगा। बहरहाल कांग्रेस-भाजपा अभी तक सर्वे ही करा रही है, बैठकों का दौर चल रहा है और यह दौर न जाने कब तक चलेगा? बताना उचित होगा कि इस चुनाव में भी दो ही राजनीतिक दल भाजपा-कांग्रेस के लोग आपस में टकराएंगे। इनके बीच सीधा मुकाबला होगा। कहीं-कहीं अपवाद स्वरूप निर्दलीय भी त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति पैदा करेंगे। ये सभी को मालूम है कि स्थानीय चुनाव में भले ही ▶▶|शेष पेज 10 पर



■ निकाय एवं पंचायत चुनाव - 2025 का बजा बिगुल

### प्राशासनिक अधिकारी सक्रिय

पंचायत चुनाव तीन चरणो में होगा। 27 जनवरी से 3 फरवरी तक नामांकन। 17-20 एवं 23 फरवरी को मतदान होंगे और उसी दिन मतगणना भी। मालूम हो कि सोमवार दोहर बाद जैसे ही नगरीय निकाय चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हुआ वैसे ही प्राशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए। राजिम सीएमओ मनीष कुमार स्वयं खड़े होकर शहर के विभिन्न मार्गो, सड़क किनारे और चौक, चौराहे पर लगे तमाम बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स, होडिंर्ग को धड़ाधड़ उतरवाने लगे। पोस्टर और होर्डिंग उतरने के बाद एक ही दिन में शहर की तस्वीर कुछ अलग तरह की नजर आने लगी।





### उम्मीदवार बनने स्थानीय नेताओं में उत्साह

महानदी की आड़ में दो शहर है एक राजिम और दूसरा नवापारा। राजिम, गरियाबंद जिले का हिस्सा है और नवापारा, रायपुर का। दोनों शहर का तासीर भी कमोवेश अलग-अलग है। आचार संहिता लगने तक किसी को भी यह संकेत नहीं मिला है कि उनके उम्मीदवार कौन होगा? दोनों पार्टी का हाल यही है। जैसे ही अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए नाम की घोषणा होगी वैसे ही नाराजगी उन लोगों की सामने आएगी जो टिकट से वंचित होंगे। भाजपा में इस बार चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार बनने स्थानीय नेताओं में कुछ ज्यादा ही उत्सुकता एवं जोश देखा जा रहा है। दावेदार भी बहुत सारे सामने है। पार्टी के सामने द्ववविधाजनक स्थिति है। जबकि इसके ठीक विपरीत कांग्रेस को देखा जा रहा है। जरा भी सुगबुगाहट नहीं है। पता नहीं भीतर ही भीतर क्या चल रहा है यह किसी को नहीं मालूम। उधर नवापारा शहर में आचार संहिता लगने के तत्काल बाद सीएमओ प्रदीप मिश्रा अपनी टीम लेकर शहर में निकल पड़े और धड़ाधड़ बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स ,होर्डिंग्स उतरवाने में लग गए। ये सब पोस्टर वगैरा उतरने के बाद साफ-सुथरा भी दिख रहा है।

## महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास फिर केरोसिन डालकर लगा दी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶|छुरा

इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। ग्राम पिपरछेडी के आदिवासी बेवा महिला के साथ दुष्कर्म के प्रयास में असफल होने पर युवक चंपेश्वर यादव ने जो पिपरछेडी का ही पड़ोसी था महिला को केरोसिन डालकर आग के हवाले कर दिया। मामले पर छुरा थाना ने हत्या के प्रयास पर अपराध कायम कर धारा 74,75,109,62,64 डीएनएस लगाकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपराधी चंपेश्वर ने पीड़िता के घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी गुस्से में आ गया और किचन में रखे केरोसिन को पीड़िता पर डालकर आग लगा दी। पीड़िता को तुरंत नजदीकी अस्पताल छुरा ले जाया गया। जहां उनकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल गरियाबंद रेफर किया गया। जिसके बाद उसे महासमुंद से रायपुर के डीके अस्पताल में भर्ती कराया ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ आरोपी गिरफ्तार, 6 दिन बाद महिला की इलाज के दौरान मौत

## 12 साल बाद भी मंत्री की घोषणा पर अमल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|छुरा

नगर में वर्ष 2012 में जिले के प्रभारी मंत्री पून्नूराम मोहिले, सासंद चन्दू लाल साहू ने नगर सुराज कार्यक्रम में नगर के उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मोहिले ने छुरा नगर के वार्ड 13,14,15 के मकानों के छत के ऊपर से 11 केव्ही विद्युत लाइन को मोहल्लेवासियों के मांग पर हटाने के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृति की घोषणा की। मंत्री जी के घोषणा पर उपस्थित जन समुहों ने तालियों की गडगडाहट से मंत्री की घोषणा का स्वागत किया। मंत्री जी के घोषणा



पर अमल आज तक नहीं हुआ। मंत्री जी ने घोषणा तो कर दिया लेकिन विद्युत विभाग गरियाबंद मोहल्लेवासी को डिमांड नोट बारह साल में चौबीस बार भेज चुका है। मंत्री जी की घोषणा को पूरा करने के लिए छुरा नगर के मोहल्ले वासी पैसा विद्युत विभाग गरियाबंद को भुगतान करें ▶▶|शेष पेज 10 पर

## सड़कों में जगह-जगह गड्ढे, उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फिंगेश्वर

नगर पंचायत फिंगेश्वर में अमृत मिशन योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार का कार्य जहां तेजी से चल रहा है वहीं पर उनके काम करने वाले कर्मचारियों के कारण नगर की सड़के धूल धूसर हो रही है। साथ में हो रहे गड्ढो को पाटा नहीं जा रहा है जिसके चलते लोग गड्ढो में दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही नजारा वार्ड 13 में सामुदायिक अस्पताल एवं सरस्वती शिशु मंदिर जाने के मार्ग पर टर्निंग मे देखा जा सकता है। यह मार्ग मुख्य मार्ग से जुड़ा है और दोनों संस्थानों में जाने के लिए जैसे ही मुड़ता है लोग बाइक सहित गिर पड़ते हैं। वहीं पर स्कूल के बच्चे भी



सायकिल से गिरने जैसी स्थिति में कई बार आ चुके हैं। नागरिकों ने नगर पंचायत से अपील की है कि सड़क के पाई पर जेसीबी से खुदाई किए गए गड्ढे को भरवा दिए जाए जिससे लोगों की जान को कोई खतरा न हो। इसी प्रकार पंडित दीन दयाल गार्डन के बाई पास रोड में अमृत मिशन के फिल्टर पंलाट के नया बना सीसी रोड मार्ग प्लांट पर धूल धूसर के साथ गिट्टीया सड़क पर खुले आम पड़ी है जिसक चलते सड़क मार्ग मार्निंग वाक करने वाले लोग एवं दर्रीपार से आने -जाने वाले लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। धूल एवं मिट्टी कारण सीमेंट से बना यह सड़क मार्ग पूरी तरह पट गया है जिसकी सफाई कराना आवश्यक है। सड़क के पाई पर बने गड्ढे एवं सड़क पर पड़े धूल मिट्टी के हटाने के लिए नागरिकों ने नगर पंचायत के सीएमओ से आग्रह किया है।

## भोरमदेव का बीएड के छात्रों ने किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|फिंगेश्वर

बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षार्थीयों ने 18 जनवरी को प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भोरमदेव का शैक्षणिक भ्रमण कर महत्वपूर्ण जानकारी हासिल किया है। शनिवार सुबह 6 बजे संस्था की संचालिका उषा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर दल को कवर्धा के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल भोरमदेव रवाना किया। कार्यक्रम प्रभारी सिद्धांत पोद्दार के नेतृत्व में जहां जाकर सभी प्रशिक्षार्थीयों ने सिमगा के सोमनाथ शिव मंदिर एवं बेमेतरा के प्रसिद्ध माता मंदिर का भी दर्शन करते हुए ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मुख्यमंत्री ने किया दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ

# प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचे सुशासन का लाभ, हमारी सरकार का है यही प्रयास : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गरियाबंद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर न्यू सर्किट हाउस आडिटोरियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भूमिहीन मजदूरों से किए गए वायदे के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हो गई है। हमारे छत्तीसगढ़ में बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर करती है लेकिन ऐसे लोग भी हैं जिनके पास कृषि भूमि भी नहीं है और वे कृषि मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। उन्हें ध्यान में रखते हुए हमने भूमिहीन कृषि मजदूर भाई-बहनों से भी एक वादा किया था। हमने कहा था कि उन्हें 10 हजार रुपये सालाना आर्थिक सहायता देंगे। आज हमने इस वादे को पूरा किया है।

■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही हुए शामिल



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल 5 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस योजना के तहत पांच सौ 62 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपए हम भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना को शुरू करने के पीछे हमारा उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी ▶▶|शेष पेज 10 पर


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# कोहरे से सुस्त हुई ट्रेनों की रफ्तार, 6 घंटे तक लेट, सुबह पटरियों पर विजिबिलिटी 40 मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ठंड में छाए कोहरे ने रायपुर से गुजरने वाली दर्जनभर से अधिक ट्रेनों की रफ्तार धीमी कर दी है। शीतलहर के बीच रविवार को ट्रेनों में सफर करना यात्रियों का बेहद कष्टदायक रहा। स्लीपर से लेकर जनरल कोच तक में यात्री ठंडी हवा से ठिठुरते रहे। लोको पायलट के मुताबिक, सुबह 5 से 8 बजे तक पटरियों पर विजिबलिटी 30 से 40 मीटर रही, जिसके कारण 120 की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनें 70 से 80 की रफ्तार से दौड़ीं। कोहरे से सभी रूट की ट्रेनों की रफ्तार धीमी रही।

■ ट्रेनों की खिड़की बंद न होने से ठंडी हवा से ठिठुरते रहे यात्री

इस वजह से दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 5 से 6 घंटे विलंब से पहुंचीं। यात्रियों को ठंड के बीच रेलवे स्टेशन पर अपनी ट्रेन का इंतजार करना पड़ा।

## ठंड में कोहरे के कारण तीन दिनों से 4 से 5 घंटे तक ट्रेन लेट, स्टेशन पर गुजारनी पड़ रही रात

### शीतलहर से छूटी यात्रियों की कंपकंपी

हरिभूमि टीम जायजा लेने रेलवे स्टेशन पहुंची। शीतलहर से जनरल कोच में हर यात्री ठंड से कांपता नजर आया। ज्यादातर ट्रेनों में भीड़ होने से यात्रियों को दरवाजे के पास खड़े होकर सफर करना पड़ा। गोंडवाना और शालीमार एक्सप्रेस में यात्री ठंड से ठिठुरते मिले। ठंड के कारण स्लीपर कोच की सभी खिड़कियां बंद मिलीं, लेकिन जनरल कोच में भीड़ के कारण यात्री परेशान नजर आए। कोच में हर कोई चादर और कंबल ओढ़े दिखाई दिया। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन जब 90 से 100 की रफ्तार से चलती है तो पूरा कोच ठंडा हो जाता है। खिड़की के शटर खराब होने से ठंडी हवा को रोका भी नहीं जा सकता। ऐसे में ठिठुरते हुए सफर करना बड़ी मजबूरी है। कहीं-कहीं एक सीट पर 6 से अधिक यात्री ठुंसे नजर आए।




### वेटिंग हॉल भी फुल

ट्रेनों के लेट होने से ठंड से बचने रेलवे स्टेशन का वेटिंग हाल भी इन दिनों यात्रियों से खचाखच भरा दिखता है। जगह नहीं होने से कई यात्रियों को ठंड के बीच प्लेटफार्म पर ही ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह और रात के समय यात्रियों को दिक्कत अधिक हो रही है। दोपहर और शाम की ट्रेन 3 से 4 घंटे लेट है तो वहीं सुबह की ट्रेन 5 से 6 घंटे तक लेट है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंड से बचाने के लिए रेलवे ने भी कोई व्यवस्था नहीं की है।

रेलवे ने लाखों रुपए की लागत से ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाई है, लेकिन इसके बावजूद ट्रेन ठंड में समय पर नहीं पहुंच रही। सर्वाधिक विलंब में समता एक्सप्रेस पहले स्थान पर है। बीते तीन दिनों से यह ट्रेन 5 से 8 घंटे तक देर से रायपुर पहुंची है। सुबह की ट्रेनों में अमरकंटक, दुर्ग-अंबिकापुर, लिंक एक्सप्रेस, हमसफर, रात में हावड़ा-अहमदाबाद, सारनाथ समेत अन्य ट्रेनें लगातार कोहरे के कारण विलंब से चल रही हैं।

***दिल्ली और मुंबई की ट्रेनें 4 घंटे लेट :*** पटरियों पर छाए कोहरे के कारण सप्ताहभर से दिल्ली और मुंबई रूट की ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। समरसता, मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस गुरुवार को 4 घंटे लेट रही। वहीं समता अपने निर्धारित समय से 3.50 मिनट देर से पहुंची। वहीं अमरकंटक और दुर्ग-अंबिकापुर 2 घंटे लेट रही। इसके साथ पुणे-हावड़ा और हावड़ा-अहमदाबाद भी 4 से 5 घंटे तक विलंब से चल रही है। सुबह और रात के समय ट्रेनें अत्यधिक विलंब होने से दिन में कवर भी नहीं हो रहीं। रायपुर से गुजरने वाली दस से अधिक ट्रेनों के जनरल कोच में जबरदस्त भीड़ बढ़ी है।

## खबर संक्षेप

### शहीद हेमू कालाणी चौक में कल मनाएंगे बलिदान दिवस



**रायपुर।** क्रांतिवीर शहीद हेमू कालाणी समिति द्वारा 21 जनवरी को शहीद हेमू कालाणी की 82वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम कचहरी चौक स्थित अमर शहीद हेमू कालाणी चौक पर सुबह 10.30 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा और मीडिया प्रभारी भरत पमनानी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए समाज के संतों और सभी राजनीतिक दल के लोगों को आमंत्रित किया गया है, ऐसे वीर सपूत को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए सभी देश के राष्ट्रभक्तों व समाजजनों से निवेदन है उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित करें। बैठक में त्रिलोकचंद चिमनानी, अच्छूमल गावरी, प्रेम बिरनानी, अनेश बजाज, भरत बजाज, अमित वालेचा, भरत पमनानी, लक्ष्मण जगवानी आदि उपस्थित रहे।

### मकान बिक्री करने के नाम पर 11 लाख की ठगी

**रायपुर।** दूसरे के मकान को अपना बताकर बिक्री के लिए 11 लाख रुपए एडवांस लेने वाले आरोपी के खिलाफ पुरानी बस्ती पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। अवधपुरी निवासी लूटन खंपारिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी खेमराज प्रधान ने पिछले साल उससे मकान बिक्री करने के लिए 11 लाख रुपए एडवांस लिए थे। बाद में पता चला कि मकान दूसरे का है तो प्रार्थी ने अपने पैसे वापस मांगे, पर आरोपी ने रकम वापसी से इंकार कर दिया। मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

### नगर निगम अगले माह जारी करेगा 150 करोड़ के बांड

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम फरवरी माह में 150 करोड़ के निगम बांड जारी करेगा। इसके पहले चरण में प्राइवेट सेक्टर को चुना गया है। निजी क्षेत्र में जारी होने वाले बांड पर 8 से 9 फीसदी ब्याज का भुगतान होगा। वहीं इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 2 फीसदी की सब्सिडी भी मिलेगी, यानी नगर निगम को 8 फीसदी ब्याज दर पर 6 फीसदी और 9 फीसदी ब्याज पर 7 फीसदी ब्याज देना होगा। बांड को लेकर ऑडिट पूरा हो चुका है। इसके साथ ही प्रोजेक्ट का डीपीआर भी तैयार है। देशभर के 28 नगर निगमों की तर्ज पर अब रायपुर नगर निगम बांड जारी करने वाला 29 नगर निगम बनने जा रहा है। शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने सहित आवश्यक कार्यों को पूरा करने इंदौर, भोपाल, गुजरात सहित अन्य नगर निगमों ने बांड से पैसे लेकर अपनी जरूरत पूरी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, बांड के पैसे से राजधानी के समता कॉलोनी स्थित नगर निगम के भैंसथान मैदान में स्पोर्ट्स व्यावसायिक कांप्लेक्स, मालवीय रोड स्थित पुराने नगर निगम वाली जमीन में बहुमंजिला व्यवसायिक परिसर और लोधीपारा में क्रिस्टल आर्किड के पास व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना है। इसके लिए डीपीआर भी तैयार कर लिया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, बांड को लेकर ऑडिट का काम पूरा हो चुका है। प्राइवेट सेक्टर में जारी होने वाले इस बांड के लिए पिछले दिनों मुंबई के पीआरपी प्रोफेशनल एज प्राइवेट के अध्यक्ष गौरव कुटे और इंदौर के मुकुल गुप्ता चार्टर्ड एकाउंटेंट संतोष मुच्छाल के साथ नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की चर्चा भी हुई थी, जिसके बाद बांड से जुड़े दस्तावेज तैयार किए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

## तेलीबांधा थाने से आंबेडकर चौक तक आक्रोश रैली निकालने के दौरान पुलिस ने बीच में रोक दिया

# सड़क पर उतरे बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षक, परिवार के साथ किया चक्काजाम, देर रात बस में तूता भेजा









हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बर्खास्त किए गए बीएड सहायक शिक्षक और परिजनों ने रविवार को राजधानी में पैदल मार्च किया। हड़ताली सहायक शिक्षक तेलीबांधा के मरीन ड्राइव से घड़ी चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा स्थल तक आक्रोश रैली निकालने जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें मरीन ड्राइव के पास रोक दिया। प्रदर्शनकारी समायोजन की मांग को लेकर सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते रहे। इसके चलते एसआरपी चौक से तेलीबांधा थाना चौक तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे लोग खासे परेशान रहे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। देर रात पुलिस ने आंदोलन कर रहें शिक्षकों को जबरिया पकड़कर बस में बैठाया। इस दौरान खींचतान में कुछ महिलाएं बेहोश भी हो गईं। और उनके परिजन चीख पुकार मचाते रहे। आखिरकार उन्हें नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल भेज दिया गया। प्रदेशभर के बीएड सहायक शिक्षकों ने सेवा सुरक्षा की मांग और बर्खास्तगी का आदेश वापस लेने सहित समायोजन की मांग को लेकर राजधानी में आक्रोश रैली निकाली। तेलीबांधा थाने से घड़ी चौक के पास आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करने जा रहे बर्खास्त सहायक शिक्षकों को पुलिस ने मरीन ड्राइव के पास रोक दिया। इस दौरान सहायक शिक्षकों ने सड़क पर बैठकर जमकर नारेबाजी की। हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर आक्रोश रैली में भाग लेने बड़ी संख्या में प्रभावित बीएड धारी सहायक शिक्षक अपने परिजनों के साथ राजधानी में एकत्रित हुए।

हरिभूमि सरोकार

## जमकर नारेबाजी, सड़क पर परिजनों के साथ प्रदर्शन, ट्रैफिक जाम से वाहन चालक हुए परेशान

### मंत्री बंगला भी घेर चुके हैं बर्खास्त शिक्षक

बर्खास्त शिक्षकों ने एक दिन पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बंगले का घेराव किया था। समायोजन की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे शिक्षक शनिवार तड़के कड़कड़ाती ठंड में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बंगले पहुंचे थे। और गेट के बाहर बैठकर नारेबाजी की। जब वे वहां से नहीं उठे तो पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक हटाया और प्रदर्शनकारियों को बसों में भरकर शहर से बाहर ले गए। इसके बाद शिक्षकों का प्रदर्शन जारी रहा।



### ये है मामला

- हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों के पद के लिए केवल डीएड डिग्री होल्डर को ही उपयुक्त माना है।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बीएड डिग्रीधारकों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया है।
- कोर्ट ने 10 दिसंबर 2024 को 2 सप्ताह के अंदर यह प्रक्रिया पूरी करने कहा है।
- इससे बीएड धारी 2900 सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ गई है।
- बर्खास्तगी आदेश पर रोक और न्यायपूर्ण अवसर की मांग सहित समायोजन करने प्रभावित सहायक शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं।

### समायोजन की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर बीएड धारी बर्खास्त सहायक शिक्षक समायोजन की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। विगत एक माह से प्रदेशभर के 2900 बीएडधारी सहायक शिक्षक नौकरी बचाने आंदोलन कर रहे हैं। भुक्तभोगी शिक्षिकाओं का कहना है कि सहायक शिक्षक पद पर वे कार्यरत थे, उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। हमें समायोजन करना चाहिए। समायोजन के लिए जो कमेटी बनी है, वह कब तक अपनी रिपोर्ट देगी, यह तय नहीं है।



## पंचायती राज संशोधन अध्यादेश की समयावधि बढ़ेगी, विधेयक को मंजूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर तकनीकी कारणों से हो रही देरी के मामले का हल निकाल लिया गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट में अध्यादेश की अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया है। दूसरी ओर राज्य सरकार द्वारा विधानसभा से पारित कराए गए नगर निगम और नगरपालिका संबंधी दो विधेयकों को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। जानकारों का मानना है कि अब दोनों चुनावों के संबंध में विधिक प्रकिया पूरी हो गई है।

■ कैबिनेट के फैसले और राज्यपाल की अनुमति से विधिक प्रक्रिया पूरी

दो संशोधन विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी-इधर कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत राज अधिनियम में संशोधन संबंधी अध्यादेश की अवधि बढ़ाने का फैसला किया। दूसरी ओर राज्य सरकार द्वारा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित कराए गए नगर निगम तथा नगरपालिका संशोधन अधिनियम को राज्यपाल की अनुमति मिल गई है। इन दोनों संशोधनों का सीधा संबंध नगरीय निकायों के चुनाव से है। नगर निगम संशोधन में राज्य के नगर निगमों में मेयर तथा पालिका संशोधन में पालिकाध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का प्रावधान रखा गया था। इसी तरह दोनों प्रस्तावों में निगम तथा पालिकाओं में ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था के संबंध में संशोधन रखे गए थे। इसके तहत निकायों में जहां एससी-एसटी की जनसंख्या 50 प्रतिशत तक है, वहां ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जाना है।

## सतनामी समाज परिचय सम्मेलन में देशभर से पहुंचेंगे युवक-युवती

**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से शहीद स्मारक भवन में 2 फरवरी को सतनामी समाज के विवाहयोग्य युवक-युवतियों का राष्ट्र स्तरीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी जोरों पर है। इस बार 9वें वर्ष का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें छग के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों में निवासरत सतनामी समाज के नवयुगल प्रतिभागी अपने अभिभावकों के साथ मनपसंद जीवनसाथी की तलाश में राजधानी पहुंचेंगे। कार्यक्रम में समाज के विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला-पुरुषों को भी स्थान दिया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रसारण बड़े एलईडी. स्क्रीन के साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से पूरे देशभर में लाइव प्रसारित किया जाएगा। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खण्डे और प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि इस पूरे आयोजन के लिए समिति के पदाधिकारी व्यापक प्रसार-प्रसार करते हुए तैयारी में जुटे हुए है। अभी अग्रिम पंजीयन का दौर लगातार जारी है, जिसके लिए प्रतिभागी न्यू राजेंद्रनगर स्थित गुरु घासीदास अकादमी भवन में प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 5 बजे के बीच अपना पंजीयन करा सकते हैं। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## महंगाई भत्ते सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी सीएम शर्मा को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके निवास पर भेंट कर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। महंगाई भत्ता जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत बढ़ाने सहित पांच सूत्रीय मांगें प्रमुख रहीं। उप मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उप मुख्यमंत्री को कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं और उनके समाधान की आवश्यकता से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

उन्होंने भाजपा के घोषणापत्र में किए गए वादों को शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने फेडरेशन द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का



विमोचन भी किया। फेडरेशन की प्रमुख मांगें-शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान किया जाए। साथ ही जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्ते का एरियर भविष्यनिधि खाते में समायोजित किया जाए।




## केंद्रीय मंत्री ने किया कुसुम का सम्मान

**नवापारा-राजिम।** राष्ट्रीय युवा उत्सव के आयोजन में सामूहिक लोक-नृत्य, सामूहिक गीत, कविता, कहानी, लेखन एवं चित्रकला जैसे विधाओ में फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय की छात्रा कुसुम निषाद का चयन युवा उत्सव के लिए हुआ। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने चित्रकला के लिए कुसुम निषाद को सम्मानित किया।

## पेज 9 के शेष...

### विकास कार्यों की...

सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले मानसून में एक स्कूली बच्चा दलदल में फंस गया था, जिसे मुश्किल से बचाया गया।नाली और सड़क की अनुपस्थिति के कारण गंदा पानी रुकता है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को एंबुलेंस भी समय पर नहीं मिल पाती, क्योंकि खराब रास्ते के कारण वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते।

**ग्रामीणों का आरोप, विकास कार्यों में भेदभाव-** ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत और जनप्रतिनिधि उनके मोहल्ले के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। लाखों रुपये के विकास कार्य गिनाने वाले पंचायत ने अब तक यहां पक्की सड़क, पुलिया और नाली का निर्माण नहीं करवाया है। स्थानीय निवासी गजानंद टंडन, रामदयाल टंडन, संगीता, महेश्वरी और अन्य ने बताया कि उन्होंने कई बार पंचायत को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उनका आरोप है कि चुनाव के समय नेता वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई सुध लेने नहीं आता।

### आचार संहिता लगी...

पार्टी सिम्बॉल का बहुत ज्यादा महत्व रहता है परंतु चेहरा भी कोई बात होती है। क्योंकि शहर के अंदर किसकी साफ छवि है,किसकी नही है? ये सारे चीज भी देखे जाते है। विकास और निर्माण कार्य कौन करा पाएगा,कौन नही करा पाएगा? यह भी देखा जाता है परंतु पब्लिक यह भी देखती है कि चुनाव लड़ने वाले चेहरे में किनका व्यवहार मधुर है। आचार संहिता लगने के बाद जो तारीख की घोषणा की गई है उसके मुताबिक कल 22 जनवरी से नामांकन दाखिला प्रारंभ हो जाएगा। दाखिले की अंतिम तारीख 28 जनवरी और 29 को जांच तथा 31 जनवरी को नाम वापसी कर सकेंगे। मतदान की तारीख 11 फरवरी रखा गया है जबकि मतगणना उसके चार दिन बाद अर्थात 15 फरवरी को होगा। 15 फरवरी के दोपहर तक स्थिति क्लीयर हो जाएगी और पटाखे फुटने शुरू हो जाएंगे।

**विमर्श का दौर अंतिम पड़ाव में-** अचानक आचार संहिता लागू होने की खबर से दोनों ही प्रमुख राजनीतिक पार्टी कांग्रेस और भाजपा के लोग सोमवार से ही चुनावी गतिविधियों को तेज कर दिया। इनके बैठकों में सिर्फ और सिर्फ जीतने वाले प्रत्याशियों की चर्चा होती रही। वैसे इनकी तैयारियां पिछले पखवाड़े भर से चल ही रही है। नगर में 15 वार्ड है। किस वार्ड से किसे टिकट देना है? इस पर गहन विचार, विमर्श का दौर अंतिम पड़ाव में है। दोनों पार्टी कमर कस कर तैयार दिख रहे है। वे अपने बैठकों में दो टूक शब्दों में कह रहे हैं कि टिकट एक व्यक्ति को मिलना है जिसे भी मिले पार्टी के सिपाही के रुप में काम करके उसे जिताना है। जिससे नगर पंचायत में वर्चस्व बना रहे। ज्ञात हो कि दोनों ही पार्टी द्वारा किस वार्ड से कौन प्रत्याशी होगा? ये पत्ता अभी नहीं खोला जा रहा है। वहीं अध्यक्ष पद के लिए पार्टी किसे अधिकृत कर रही है बहुत जल्द ये तस्वीर भी सामने आ जाएगा।

### महिला से किया...

गया जहां इलाज के दौरान मौत से लड़ते हुए 6 दिन बाद प्राण त्याग दी। घटना की जानकारी मिलने पर घटना की जानकारी मिलने पर जिले के पुलिस कप्तान निखिल अशोक राखेचा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर एवं एसडीओपी गरियाबंद निशा सिन्हा के मार्गदर्शन में महिला संबंधित अपराध में त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित करने पर उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम थाना प्रभारी छुरा के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद कर पीड़िता का मृत्यु पूर्व कथन कराया गया तथा न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### 12 साल बाद भी...

तब मंत्री जी की घोषणा पूरा होगा, मोहल्ले वासी जब जब मंत्री मुख्यमंत्री कलेक्टर गरियाबंद को स्मरण पत्र भेजते हैं तब तब बिजली विभाग गरियाबंद के अधिकारी डिमांड नोट भेजकर पैसा पटाने के लिए नोटिस थमा देते हैं। मंत्री जी की घोषणा पूरा करने के लिए जनता की जेब खाली होने के कारण समस्या का समाधान के लिए गरियाबंद कलेक्टर आफिस से बिजली विभाग, नगर पंचायत छुरा के बीच बारह साल से कागजी कार्यवाही कछुआ गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, कलेक्टर दीपक अग्रवाल को पुनः स्मरण कराया गया है।

### भोरमदेव का बीएड...

सरोधा डैम का भी लुफ्त उठाया। भ्रमण के अंतिम पड़ाव में जामगांव बीएड कालेज का काफिला भोरमदेव के प्राचीन एवं प्रसिद्ध शिव मंदिर पहुंचा जहां प्रशिक्षार्थीयों ने दर्शन करते हुए भोरमदेव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। प्रशिक्षार्थीयों ने भ्रमण के दौरान ऐतिहासिक,भौगोलिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान प्राप्त किया। वापस पहुंचने पर महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। भ्रमण के दौरान सहायक प्राध्यापक सिद्धांत पोद्दार कक्षा प्रतिनिधि विकास चंद्राकर, हर्षिता सिन्हा, यामिनी चंद्राकर, डिंपल चंद्राकर एवं बड़ी संख्या में बीएड प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

### आज से फिर विक्षोभ ...

स्थिति देखने को मिल रही है।

**विक्षोभ के असर के कारण बार-बार बदल रहा मौसम-** दरअसल विक्षोभ के असर से बार-बार मौसम बदल रहा है और इसकी वजह से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। 10 जनवरी को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पहुंच गया था, यह सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम था, लेकिन फिर यह बढ़ते हुए 13 जनवरी को 17.4 डिग्री पहुंच गया। 15 जनवरी को 13.3 डिग्री दर्ज हुआ 16 को विक्षोभ के असर से पारा फिर चढ़ा और 15.5 डिग्री पर पहुंच गया। यह यहीं नहीं थमा, 17 जनवरी को बढ़ते हुए 17.2 डिग्री पर पहुंचा।

### प्रदेश के हर नागरिक ...

शामिल हैं। इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी परिवारों को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने भूमिहीन मजदूर हितग्राहियों को 10 हजार रुपए की राशि का चेक वितरित किया।


**आर्थिक स्थिति को करेगी मजबूत-** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम के माध्यम से प्रदेश के भूमिहीन मजदूर परिवारों के आर्थिक समृद्धि का जो संकल्प हमने लिया था, वह आज साकार हो रहा है। श्री साय ने कहा कि यह योजना न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को भी सुरक्षित बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश का हर गरीब और भूमिहीन परिवार खुशहाल हो। यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगी।

इस तारतम्य में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल , नवपदस्थ जिला पंचायत सीईओ घासीदास मरकाम, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष गरियाबंद लालिमा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष देवभोग नेहा सिंघल, जनपद उपाध्यक्ष गरियाबंद प्रवीण यादव, मनीष ध्रुव, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, विकास पारख, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी-कर्मचारी और जिले के हितग्राहीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सीएम से मुलाकात कर राजधानी में अटल की प्रतिमा स्थापित करने की मांग चंद्रशेखर ने की

**नवापारा-राजिम।** पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ का निर्माण हुए पच्चीस वर्ष हो गए किन्तु अब तक छग का निर्माण करने वाले देश के तात्कालिक प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पूरे प्रदेश में आधिकारिक के रूप से कहीं नजर नहीं आती है। इस संबंध में उन्होने मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय से मिलकर छग की राजधानी नया रायपुर में विशाल अटल स्मारक बनाकर भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। इसके साथ ही श्री साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं वित मंत्री ओपी चौधरी से चर्चा कर पत्र सौंपा है।



कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माता भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मसती के अवसर पर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व के अनुरूप कद-अनुसार अटल नगर राजधानी रायपुर में अटल स्मारक का निर्माण कर भव्य प्रतिमा स्थापित करने की बात कही है। श्री साहू ने अटल जी को बहुमुखी विलक्षण प्रतिभा के धनी, सर्वमान्य,सर्वगुण संपन्न कवि हृदय, निश्छल स्वभाव से ओतप्रोत, राष्ट्रधर्म, पांचजन्य एवं दैनिक स्वदेश के सम्पादकीय कार्य को सफलतापूर्वक निर्वहन करने वाले पत्रकारिता के शिखर पुरुष, हिन्दी गौरव, पद्मविभूषण एवं भारतरत्न से सम्मानित सर्वश्रेष्ठ सांसद बताया। कहा कि भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं तीन बार के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी छत्तीसगढ़ के निर्माता हैं जो अपने आदर्शों एवं मुल्यों के प्रति अटल थे। जिनमें राष्ट्रहित सर्वोपरि था जिनके स्वभाव विरागी के साथ रागी था किन्तु उनकी राग भावना अपने परिवारजनों की सीमा को लांघकर समूचे देशवासियों तक फैलते हुए विश्वोन्मुखी हो गई थी। जिनकी लोकप्रियता देश ही नहीं वरन विदेश में भी थी। जिनकी प्रशंसा विपक्ष के लोग भी करते थे। सभी दलों में प्रिय,उदार मन,कोमल हृदय किन्तु देश हित के खिलाफत करने वाले के प्रति दृढ़ता एवं साहस के साथ वैचारिक मतभेद के बावजूद विपक्ष में रहकर भी सरकार के साथ कदम पर कदम मिलाकर चलने वाले मां भारती के अनमोल रतन बेटा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर छत्तीसगढ़ियों का मान ही नहीं बढ़ाया बल्कि एक नई पहचान दी।

बिरगांव निगम ने 12 हजार नलों में लगाया, पुराने में सुधार के बाद 10 हजार मीटर लगाएंगे


# निगम ने लगाए 12 हजार वाटर मीटर 3000 टूट गए, अब होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बिरगांव निगम क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के तहत पेयजल की बेहतरी के लिए होने वाला काम अब फरवरी में पूरा करने की तैयारी है। इस योजना के तहत निगम ने नई पाइपलाइन बिछाने के साथ ही निगम क्षेत्र के 22 हजार घरों में नल कनेक्शन दिए हैं। इनमें से 12 हजार नलों में लगाए गए वाटर मीटर में से तीन हजार से ज्यादा टूट-फूट का शिकार हो गए हैं। इसे सुधारने और बचे हुए 10 हजार कनेक्शन धारकों के यहां क्लोजर रिपोर्ट बनाने से पहले मीटर लगाने की तैयारी है।

उपनगरीय व्यवस्था से जुड़े बिरगांव निगम में 2019 से 40 वार्डों में जल आवर्धन योजना के तहत पानी टंकियों का निर्माण कराने, नई पाइपलाइन बिछाने, वाटर मीटर लगाने का सिलसिला शुरू किया, मगर प्रोजेक्ट पूरा होने से पहले ही तीन हजार से ज्यादा वाटर मीटर टूट-फूट का हिस्सा बन चुके हैं। मामले में पता चला कि निगम ने एजेंसी से पाइपलाइन बिछवाने के साथ जिन घरों में नल कनेक्शन नहीं था, वहां सर्विस लाइन डालने के बाद कनेक्शन दिया है। नई और पुरानी मिलाकर 17 टंकियों से लोगों को कनेक्ट करने के बाद पानी की आपूर्ति नई लाइन से दे रहा है। वहीं एजेंसी से 12 हजार से ज्यादा नलों में वाटर मीटर लगवा दिया। नतीजा दो साल की गर्मी में ही मोटर और टुल्लू पंप लगाकर पानी का दोहन करने वालों की वजह से नया कनेक्शन लेने वालों के यहां नल की धार पतली हुई। इसे देखते हुए लोगों ने वाटर मीटर ही तोड़ दिया।



### फरवरी तक काम पूरा करने निर्देश

अभी तक लगभग सभी काम पूरे हो गए हैं। सभी टंकियों से कनेक्शन भी हो गए है। अभी टंकियों की एक-एक कर सफाई करवाने के बाद वाटर मीटर का काम पूरा करेंगे। टूट-फूट वाले मीटरों का भी एजेंसी से सुधार कराएंगे।

**इकराम अहमद,** अध्यक्ष, जलप्रदाय विभाग, ननि बिरगांव

### 31 एमएलडी हो गई प्लांट की क्षमता

उरला स्थित फिल्टर प्लांट की क्षमता पहले 14 एमएलडी थी। नए प्रोजेक्ट के तहत 17 एमएलडी क्षमता बढ़ाने से अभी 31 एमएलडी पानी निगम रोज फिल्टर करने के बाद 17 टंकियों तक पहुंचाता है। जहां से 40 वार्डों के 22 हजार से भी ज्यादा घरों तक पेयजल पहुंचता है। लोग पानी का दोहन न करने पाएं और इसकी मॉनिटरिंग के लिए 12 हजार से ज्यादा घरों में पहले फेज में वाटर मीटर लगाने के बाद टेस्टिंग की गई। इसे शुरू करने से पहले ही 3 हजार से ज्यादा नलों के वाटर मीटर टूट-फूट का शिकार हो गए हैं।

### एजेंसी से दोबारा सुधार भी करवाएंगे

टंकियों से कनेक्टिविटी होते ही टैंकर का खर्च बचाने के लिए नल से पानी देना शुरू किया। इससे धार पतली होने की स्थिति में तीन हजार से ज्यादा लोगों ने वाटर मीटर व नलों को अलग किया। प्लास्टिक का बॉक्स होने से वह टूट-फूट का हिस्सा बन गया। जल आवर्धन का प्रोजेक्ट फरवरी में पूरा होने वाला है। अब क्लोजर रिपोर्ट बनाने से पहले वाटर मीटर में सुधार करवाने की तैयारी है। 4 करोड़ 20 लाख खर्च करने के बाद प्रोजेक्ट शुरू होने से पहले ही एजेंसी से वाटर मीटर में सुधार करवाने की तैयारी है।

## कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा पर साधा निशाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶। गरियाबंद

प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव के आरक्षण प्रक्रिया को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व संसदीय सचिव और जिले के प्रभारी विनोद चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर ओबीसी वर्ग के अधिकारों को छीनने का आरोप लगाया। पत्रकार वार्ता में सकलेन कामदार महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी गरियाबंद प्रभारी जिला अध्यक्ष भावसिंग साहू प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह भी मौजूद थे। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा अपनाई गई आरक्षण प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल वर्तमान आरक्षण को रद्द कर नए सिरे से आरक्षण प्रक्रिया लागू करे और ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण बहाल करे। अगर इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना पड़े या अध्यादेश लाना पड़े, तो सरकार को कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय 2019-20 में प्रदेश में जिलों की संख्या 27 थी। उस समय अनुसूचित जनजाति के लिए 13, अनुसूचित जाति के लिए 3, ओबीसी के लिए 7 और सामान्य वर्ग के लिए जिला पंचायत सीटें आरक्षित थीं। लेकिन अब जिलों की संख्या बढ़ने के बावजूद भाजपा सरकार ने षड्यंत्रपूर्वक ओबीसी का आरक्षण 7 से घटाकर शून्य कर दिया है। चंद्राकर ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म कर दिया गया है। पहले जहां 25 प्रतिशत सीटें ओबीसी के लिए आरक्षित थीं, अब वे अन्य वर्गों के लिए आरक्षित हो गई हैं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि पहले ओबीसी को धोखा दिया गया और अब सामान्य वर्ग को ठगा जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण के अधिकार को खत्म करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने इसे ओबीसी वर्ग के अधिकारों पर हमला बताते हुए सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की।

## सरपंचों के साथ तालमेल बिठाकर कार्य करने की जरूरत, तेजी से होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अभनपुर

■ 20 लाख रुपए की लागत से जनपद पंचायत का जीर्णाद्धार का लोकार्पण



जनपद पंचायत पदाधिकारियों के कार्यकाल की विदाई के आखिरी बेला पर विधायक इन्द्रकुमार साहू के करकमलों से 20 लाख रुपए की लागत से जनपद पंचायत का जीर्णाद्धार का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते कहा कि अच्छे लोग चुनाव जीतकर आए क्षेत्र के विकास में सहभागी बने आने वाले समय में जनपद कार्यालय से क्षेत्र के विकास की सभी योजनाए यही से बनेगी किसी भी सरपंच को काम मागने चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही उन्होने जनपद कार्यालय के कर्मचारियों को निष्ठापुर्वक कार्य करने की नसीहत देते कहा कि पंचायत में अधिकांश कार्यो में देरी होने की मुख्य वजह जनपद के कर्मचारी होते है। छोटी-छोटी जानकारी के अभाव में कई महीनों तक बिल का भुगतान नहीं होता है। आने वाले समय में जनपद एक महत्वपुर्ण भूमिका निभाए, सरपंचों के साथ ताल-मेल बिठाकर कार्य करने की जरूरत है। तभी ग्राम पंचायतों का तेजी से विकास होगा।

राजिम विधायक ने भी जनपद सदस्यों के विदाई बेला पर शुभाकामनाएं देते कहा कि अब वक्त है त्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विष्णु सरकार बनने का। त्रि-स्तरीय पंचायतो के माध्यम से ही मोदी जी के विकसित भारत का सपना साकार होना है। अधिक से अधिक पार्टी के लोग चुनाव जीतक अपनी भागीदारी निभाए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष देवनंदिनी साहू, उपाध्यक्ष राजु बारले, जिपं. सदस्य खेमराज कोसले, सभापति जितेन्द्र बंजारे, लीलाधर तिवारी, नीमा निम्बेकर, सरपंच मुकेश ढीढी, बसंत कोसले, सहकारी समिति प्राधिकृत अधिकारी भोजराम साहू, नंदकुमार साहू, अनुसुइया साहू, राजेंद्र अनेश्वरी, भूपेंद्र साहू, पूजा बघेल, जिनेश्वरी ध्रुव, प्रशिक्षु आईएएस अनुपमा आनंद, कार्यक्रम अधिकारी दयानंद देवांगन, शिक्षक हेमंत साहू आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गरियाबंद



गरियाबंद में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पार्टी के कार्यकर्ताओं और संभावित दावेदारों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं गरियाबंद प्रभारी सकलेन कामदार और रायपुर के पूर्व महापौर प्रभारी एवं नगर पालिका परिषद गरियाबंद के पर्यवेक्षक मनोज कंदोई मौजूद रहे। सकलेन कामदार ने बैठक में कहा कि पार्टी सिर्फ एक प्रत्याशी को टिकट देगी, और जिसे टिकट नहीं मिलेगा, उसे पार्टी की रीति-नीति के तहत अधिकृत प्रत्याशी को जिताने के लिए काम करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि जिन्हें टिकट नहीं मिलेगा, वे निराश न हों, क्योंकि भविष्य में उनके लिए भी अवसर आएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव में हर मोर्चे पर मजबूती से काम करना होगा। साथ ही, किसी भी विपक्षी प्रत्याशी को कमजोर न आंकने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरे जोश और मेहनत के साथ चुनाव में उतरने का संदेश दिया। बैठक के दौरान नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष पद और 15 वार्डों के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगे गए। कई कार्यकर्ताओं ने अपने आवेदन फॉर्म जमा किए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंग साहू और प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह ठाकुर, युगल पाण्डेय, शैलेन्द्र साहू भी उपस्थित थे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव दिए और चुनावी रणनीति पर चर्चा की। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और सही रणनीति से पार्टी को बड़ी सफलता मिलेगी।

## जनपद पंचायत ने चौराहों पर स्टील चेयर लगाकर दी राहगीरों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गरियाबंद





फिंगेश्वर जनपद के उपाध्यक्ष योगेश साहू ने जनपद पंचायत विकास निधि का उपयोग करते हुए एक नई सोच के साथ ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की शुरुआत की है। इसके तहत जनपद के विभिन्न चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों के किनारे स्टील चेयर स्थापित किए गए हैं। यह पहल खासतौर पर बुजुर्गों, यात्रियों और राहगीरों को आरामदायक बैठने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। इस योजना के तहत कुल 42 स्टील चेयर विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रदान की गईं। चेयर लगने के बाद इन ग्राम पंचायतों के चौक-चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को बैठने की समुचित व्यवस्था मिली है। विशेष रूप से बुजुर्गों ने इस प्रयास की सराहना की है। इस पहल को लेकर ग्रामवासियों ने योगेश साहू का आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत जेंजरा के सरपंच हीरामणि साहू, सहसपुर के सरपंच खेमिन साहू, पूर्व सभापति अखिलेश साहू, जनक सेन (उपसरपंच), गैंद राम साहू और अन्य ग्रामवासियों ने इस प्रयास को सराहा और इसे ग्राम विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।


**नई सोच के साथ विकास की राह पर-** योगेश साहू ने इससे पहले भी विभिन्न विकास कार्यों को अंजाम दिया है। उन्होंने चरोदा में पानी की टैंकर सेवा शुरू की, सुरसा बंधा में जल प्रबंधन की सुविधा बढ़ाई और भेंडरी में युवाओं के लिए व्यायाम सामग्री उपलब्ध कराई। उनके ये कार्य क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। योगेश साहू का यह कदम जनपद पंचायत विकास निधि के उपयोग का एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

Health Town
K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

अब बिहाव (शादी) कपड़ा के
CHACHI Bazaar™ खरीददारी होही टेंशन फ्री
विश्वास आपका, क्वालिटी हमारी..
हम लाए हन् साड़ी अऊ अन्य सभी जरुरी आईटम होलसेल दाम मा...

साड़ी 50/- से शुरू
टर्किश टावेल 45/- से शुरू
गमछे 25/- से शुरू
पेन्टपीस + शर्टपीस सेट 100/- से शुरू
सियाराम शूटिंग + शर्टिंग
जॉकी अण्डरगारमेन्ट
साड़ीयां कुर्तीयां | सुटपीस टॉप | बेडशीट शॉल/कंबल | मेन्स वियर कोटसूट-शेरवानी | किड्स वियर लोवर/कैप्री | और भी बहुत कुछ
फैंसी वस्त्रों का नया पता...
चाची बाजार
गंज रोड, बस स्टैण्ड से कृषि मंडी के बीच मार्ग पर नवापारा (राजिम)
फोन : 89621-75674, 89620-75674

## खबर संक्षेप



### योग आयोग अध्यक्ष से योग शिक्षक भर्ती करने की मांग

**छुरा।** योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा राज्य प्रभारी पतंजलि युवा भारत सोशल मीडिया द्वारा रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष योग आयोग (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) से उनके निवास में भेंट कर प्रत्येक गांव, तहसील एवं जिला में योग शिक्षक भर्ती कर योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए विस्तृत चर्चा कर जल्द ही योग शिक्षक भर्ती करने का आग्रह किया। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा आश्वासन देते हुए कहा कि हम इस विषय पर जल्द ही कार्ययोजना बनाकर स्वीकृति जरूर करेंगे।


### रैली निकालकर टीबी के बचाव के संबंध में दी गई जानकारी



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर में स्वास्थ्य एवं ग्राम स्वच्छता समिति द्वारा बैठक आयोजित कर टीवी रोग, कुष्ट रोग बचाव के संबंध में लोगों को जानकारी दिया गया। पश्चात रैली निकाल कर जन जागरूकता के लिए नारे लगाई गई। इस दौरान विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव, शिवकुमार साहू, नर्मदा साहू, एमटी पिंकी सिन्हा, मितानीन संगीता, हिरोन्दी बाई, पुष्पा बाई, ललिता ,हेमलता चंद्रीका, भारतीय एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### सरकार किसानों के साथ न्याय नहीं कर रही : धनेंद्र

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा कि केबिनेट की बैठक में विष्णुदेव साय की सरकार, किसानों के धान का समर्थन मुल्य 3100 रूपया प्रति क्विंटल का बकाया 800 रुपए प्रतिक्विंटल राशि को फरवरी माह में देने का निर्णय लिया है। यह भाजपा के चुनावी घोषणा 3100 रुपए किसानों को एक मुस्त दिये जाने के वादा का खिलाफ है।



किसानों के साथ धोखाधड़ी है। धान खरीदने का तय सीमा 31 जनवारी को समाप्त हो रहा है। श्री साहू ने कहा कि 31 के पहले साय सरकार को वादे के मुताबिक किसानो को एक मुस्त 3100 रुपए के हिसाब से सारा राशि भुगतान कर देना था। ऐसा न करके तारीख को आगे बढ़ाया जा रहा है। लेकिन अभी तक बोनस राशि का भुगतान नहीं किया गया है। अब तो सरकार को इतने दिन के हिसाब से बचा 800 रुपए राशि का प्रति क्विंटल पर ब्याज भी देना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि इस सरकार ने कहा था कि किसानों को एक साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया जायेगा। लेकिन भाजपा सरकार ने धोखा किया है।

### केवी में 23 को पराक्रम दिवस पर क्विज स्पर्धा

**महासमुंद।** स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में केवि महासमुंद के अलावा केवि सराइपाली, जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महासमुंद, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम, वेडनर मेंमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय, महर्षि विद्यामंदिर, डीएमएस स्कूल, शिशु संस्कार महासमुंद से 100 विद्यार्थी भाग लेंगे। पराक्रम दिवस एवं परीक्षा पर चर्चा सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन संजय कंसल प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय के मार्गदर्शन तथा जितेंद्र कुमार चंद्राकर, जीके निर्मलकर, वंदिनी जौहरी एवं रवीना के संयोजन में यह कार्यक्रम होगा।

**समस्या : तहसील मुख्यालय होने के बावजूद मैनपुर नगर की जनता को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं**

# पेयजल संकट, स्ट्रीट लाइट बंद, कचरों का ढेर, तालाब सौदर्यीकरण कार्य अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिला मुख्यालय गरियाबंद से महज 47 किलो मीटर दूर तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत मैनपुर आजादी के 75 वर्षों बाद भी मूलभुत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। कहने को तो यह ब्लाक तहसील और अनुविभाग मुख्यालय है यहां सभी विभाग के अधिकारी निवास करते हैं। बावजूद इसके नगर के लोग मूलमुत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में भी मैनपुर नगर के विकास के लिए ग्राम पंचायत द्वारा जो विकास योजना तैयार किया गया था वह पूरा नहीं हुआ। आगामी पंचायत चुनाव जल्द होने वाला है जिसके कारण नगर के लोगों में मूलभुत समस्या को लेकर भारी नाराजगीय देखने को मिल रही है। जिले के सभी ब्लाक मुख्यालय नगर पंचायत बनाया जा चूका है लेकिन आज तक मैनपुर को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल है और इस बार भी ग्राम पंचायत का चुनाव होना है मैनपुर नगर की आबादी लगभग 8 हजार के आसपास है बावजूद यहां आज तक लोगों को सूचारू रूप से पेयजल उपलबद्ध नहीं हो रही है। सुबह और शाम के समय लोगों को पीने के पानी के लिए जद्दो जहाद करते देखा जा सकता है। हैंडपंपों में पानी के लिए भारी भीड़ लगी रहती है। मैनपुर नगर में पेयजल सप्लाई के लिए दो ओवर हेड टैंक है लेकिन इन ओवर टैंक से लोगों को पीने के लिए पानी का सप्लाई पर्याप्त मात्र में नहीं मिलता जगह-जगह पाइप लाइन धसे और क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

- 75 वर्षों बाद भी मूलभुत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा मैनपुर

**5 साल में जनता की उम्मीद नहीं हुई पूरी**







### तालाब में निस्तारी के लिए पानी नहीं



पूर्व पंच विरेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा की मैनपुर तालाब सौदर्यीकरण के लिए चार साल पहले लाखों रुपए स्वीकृत होने के बाद तालाब सौदर्यीकरण तो दूर तालाब में निस्तारी के लिए पानी नहीं है और ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पदाधिकारियों तथा स्थानीय अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नहीं है।

### सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं लोग



युवा सुरज पटेल ने कहा की मैनपुर नगर में भारी समस्या है। पेयजल, स्ट्रीट लाइट मूलभुत बुनियादी सुविधाओं के लिए लोग तरस रहे हैं ऐसे जन प्रतिनिधि को चुना जाना चाहिए जो जनता की समस्या का समाधान करें।

### नहीं मिल रही हैं मूलभुत सुविधाएं



नगर वरिष्ठ नागरिक रूदेश्वर साहू ने कहा की मूलभूत समस्या को दूर करने जनप्रतिनिधियों और अफसरो को प्रयास करने की जरूरत है। जगह-जगह कचरों का ढेर लगा हुआ है। नगर में सफाई के लिए वाहन लाया गया है लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा है।

### नहीं है यात्री प्रतिक्षालय



नगर के वरिष्ठ युवा जाकिर रजा ने कहा की तहसील मुख्यालय होने के बावजूद मैनपुर में एक यात्री प्रतिक्षालय तक नहीं है। बाहर से आने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक यात्री प्रतिक्षालय बना था जिसे तोड़ दिया था।

### पांच साल में नहीं हुआ तालाब का सौदार्यीकरण

निस्तारी के लिए दो तालाब हैं दोनों तालाब में ठंड के दिनों में पानी नहीं है। तालाब में कचरा और गंदगी का ढेर लगा हुआ है शोक कार्यक्रम के लिए तालाब में जो विधी- विधान किया जाता है उसके लिए भी नगरवासियों को भारी परेशानी हो रही है और तो और मैनपुर के एक तालाब के सौदर्यीकरण के लिए महत्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना के तहत चार वर्श पहले 16.54 लाख राशि स्वीकृत किया गया था जिसमें तालाब में चारो तरफ सौदर्यीकरण के साथ बोल्डर लगाना था लेकिन पांच वर्ष बाद भी यह कार्य पूर्ण नहीं हुआ तालाब सौदर्यीकरण कार्य अधूरा है।

### स्ट्रीट लाइट नहीं जल पाई

मैनपुर नगर के गली मोहल्ला आज भी शाम होते ही अंधेरे के आगोश में समा जाता है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण जंगली जीव-जन्तु, भालु, लकड़बघा का डर बना रहता है। बावजूद इसके नगर के भीतर लगे बिजली के पोलों में आज तक स्ट्रीट लाइट नहीं जल पाया जबकि पंचायत से स्ट्रीट लाइट के नाम पर लाखो रुपए की राशि पिछले पांच वर्षों में खर्च किए जा चूके है।




### योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा कार्य

मैनपुर जनपद पंचायत के एडीशनल सीईओ डीएस नागवंशी ने चर्चा में बताया की मैनपुर नगर को मूलभूत बुनियादी सुविधाएं उपलबध कराने योजना बद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। तालाब सौदर्यीकरण कार्य क्यों अधूरा पड़ा है पता कर बताता हूं।



## स्वयंसेवकों ने आसन, समंत्र सूर्य नमस्कार सहित गणगीत का सामूहिक प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्रीराम प्रभात शाखा का वार्षिकोत्सव

श्रीराम प्रभात शाखा शहर के वार्षिकोत्सव में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित हुए। ध्वज लगने के बाद आकर्षक शारीरिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किये जिसमें दंड नियुद्ध, आसन समंत्र, सूर्य नमस्कार सहित गणगीत का सामूहिक प्रदर्शन किए। वार्षिकोत्सव में मंच पर आसीन थे गोपाल यादव सह प्रांत कार्यवाह छत्तीसगढ़ प्रांत मुख्य वक्ता प्रेमलाल साहू जिला संघचालक गरियाबंद मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ भांडगे संचालक माहेर हास्पिटल सनत चौधरी नगर संघचालक नवापारा कार्यक्रम का संचालन प्रदीप मिश्रा ने किया। मुख्य वक्ता प्रेमलाल साहू गरियाबंद जिला संघ चालक ने अपने उदबोधन में कहा कि हमने देखा वार्षिकोत्सव में स्वयंसेवको द्वारा वर्ष भर शाखा में किये जाने वाले शारीरिक, बौद्धिक कार्यक्रमो का समाज के सामने प्रदर्शन किया गया ताकि समाज यह जान सके की संघ की शाखा मे क्या होता है शाखा में शारीरिक कार्यक्रम से शारीरिक विकास बौद्धिक कार्यक्रमों से बौद्धिक विकास एवं व्यवस्था कौशल का गुण स्वयंसेवक रोज सीखते हैं। शाखा में आने से स्वयंसेवको में व्यक्तित्व, कर्तत्व एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण का केंद्र है। शाखा में सामुहिक कार्यक्रम से व्यक्ति में संगठन का भाव जागृत होता है देश के लिए कुछ करने की सोच बलिष्ठ होता है संघ के स्वयंसेवक संस्कारवान होते हैं। संघ ने किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि भगवाध्वज को ही गुरु माना है। अहिल्या बाई होल्कर के योग्यता, संघर्षपूर्ण जीवन, रानी होने के बाद भी सामान्य ढंग से जीवन जीना और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रुपेन्द्र साहू राजिम विभाग सामाजिक सदभाव प्रमुख नगर कार्यवाह आकाश जैन शाखा के मुख्य शिक्षक-डॉ. इडिसन मालाकार सहित नवापारा नगर के सभी स्वयंसेवक, कार्यकर्ता एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## क्षेत्र के हजारों लोगों को जीवन मूल्य की मिलेगी शिक्षा : राजयोगिनी पुष्पा दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



- ओम शांति भवन खड़मा के भूमिपूजन में सम्मिलित हुए क्षेत्र की ब्रह्मकुमारी

- सर्व के सहयोग से बनेगा आध्यात्मिक सभा भवन

गत दिवस खड़मा के ओम शांति भवन में सभा गृह आध्यात्मिक सत्संग भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुख्य सेवाकेंद्र राजिम की क्षेत्रीय निर्देशिका राजयोगिनी पुष्पा दीदी के मुख्य आतिथ्य में,ब्रह्माकुमारीज़ जिला मुख्यालय गरियाबंद सेवाकेंद्र संचालिका बिंदु दीदी, ब्रह्माकुमारी कुंती बहन कोपरा, बीके शकुंतला दीदी सब सेंटर चंपारण, ब्रह्माकुमारी लेखनी बहन रशेला व ग्राम प्रमुख अवध राम साहू ने सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में परमात्म पिता शिव बाबा की स्मृति से विधि पूर्वक भूमि पूजन किया गया। सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी अंशु दीदी ने सभी अतिथियो का स्वागत करते हुए कहा कि ईश्वरीय सेवा के निम्मित खड़मा में आज 15 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस दौरान ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र से भाई बहने एवं समाज के वरिष्ठ लोगों ने का बहुत सहयोग रहा। कहा कि सभी के सहयोग से निर्मित भवन छोटा पड़ रहा है। पुनः बड़ी सभा गृह का निर्माण सभी के सहयोग से होना है। मुख्य अतिथि पुष्पा दीदी ने कहा कि समय प्रमाण अपनी पूण्य कर्मो का खाता जमा करनी है। परमात्मा पिता ने सर्व आत्माओ के सहयोग से ही स्वर्णिम दुनिया का निर्माण कर रहे है। हम सब का उंगली सहयोग से ही यह स्थान तीर्थ बनेगा। जिसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिलेगा। वहीं ब्रह्माकुमारी बिंदु दीदी ने कहा कि हम सब ने भक्ति काल से श्रेष्टकर्मो के लिए जप, तप, यज्ञ, हवन, भागवत,पुराण आदि अनेक जन्मों से करते आये, जिसका परिणाम अलौकिक ब्राम्हण जन्म ले ईश्वरीय गोद मिला है। यह जन्म, यह समय अनमोल है जो कल्प ने एक ही बार मिलता है। कोपरा से पहुंची कुंती दीदी ने बताई कि कलयुग के अंत का भी अंतिम समय मे हम सर्व आत्माओ की कल्याण के लिए ईश्वरीय आदेश से यह पवित्र सत्संग भवन बन रहा है जो स्वर्णिम समाज की स्थापना में सहायक होगा यहाँ से क्षेत्र के हजारों लोगों को जीवन मूल्य की शिक्षा मिलेगी। वहीं छुरा निवासी सियाराम सिन्हा द्वारा सप्त दिवसीय शिव महापुराण की पूर्णाहुति पर ब्रह्माभोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छुरा, नवगोई, रसेला, कोरासी, मडेली, कनेसर, पीपरछेड़ी, गायडबरी, रानीपरतेवा, अकलवारा, करचाली, खड़मा के संस्थान के सदस्य एवं ग्रामवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। सेवाकेंद्र के ब्रह्मकुमार भाइयों ने दीदियों का स्वागत गजहार से करते हुए ईश्वरीय सौगात भेट कर सम्मान किया गया।

## भाजपा मंडल बूथ क्रमांक 85 में सुनी गई पीएम मोदी की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आवाह पर मन की बात जिला संयोजक महेश यादव के मार्गदर्शन में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात की 118 वी एपिसोड का कार्यक्रम भाजपा मंडल मैनपुर के बुथ क्रमांक 85 में सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा की इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। महाकुंभ का उत्सव विविधता में एकता का उत्सव है। कुंभ की परंपरा भारत को एक सूत्र में बांधती है। महाकुंभ में युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। इस कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, भाजपा युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज निर्मलकर , बुथ अध्यक्ष हरीश यादव, सुनील पटेल, तिजेश्वर सोनवानी, नरेंद्र साहू, मुरारी पटेल, चुंमन पांडे, दुर्गेश निर्मलकर, नारायण पटेल, नेताम सर नेहाल ग्वाले, चिंटू जगत, मोहन पटेल, लिबास पटेल, वैष्णव महाराज सहित भारतीय जनता पार्टी बुथ क्रमांक 85 के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**श्रीमद्भागवत कथा से कोरासी का वातावरण हुआ भक्तिमय**

## भगवान सच्चे भक्तों की सदैव करते हैं रक्षा : पं. नारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव





### कथा के दौरान भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

कथा स्थल पर बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित होकर कथा का रसपान कर रहे हैं। जो कथा के दौरान भाव-विभोर होकर भगवान की भक्ति में लीन हो गए। श्रद्धालुजन महाराज के भजनों पर थिरकते नजर आए। कंवर परिवार द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में स्व. धरमसिंग, स्व.जोहतरीन बाई, स्व. हिरामन सिंह, स्व. सोहागा बाई, स्व. हीरालाल, स्व. रूखमणी बाई, स्व. मनीषा बाई, स्व. देवानंद, स्व. पूजा कंवर के स्मृति में अपने परिवार को तारने के लिए यह आयोजन किया गया है। जिसमें कंवर परिवार अपने परिवार के साथ-साथ ग्रामीणों को भी श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराकर तार रहे हैं। यह आयोजन कंवर परिवार बृजबाई, मनीराम, सुशीला बाई, श्यामाचरण, गुणेश्वरी, तुलेश्वरी, लोमश, लक्की, आदि परिवार के साथ-साथ ग्रामवासीयों का भरपूर सहयोग से चल रही है। कल 21 जनवरी दिन मंगलवार को सुदामा चरित के साथ तुलसी वर्षा होगा।

शुक्रवार को कथा वाचक पं. नारायण प्रसाद द्विवेदी ने प्रहलाद चरित्र और गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग सुनाया। कहा कि मनुष्य को कर्म सही रखने चाहिए। धन मनुष्य का रास्ता भटकाता है। परिवार के साथ समय गुजारना ही अमीरी है। जहां श्रीमद् भागवत कथा होती है, वह स्थान कलयुग से मुक्त होता है। पराई स्त्री नर्क का द्वारा होती है। मनुष्य को इससे बचना चाहिये। भगवताचार्य ने भक्त प्रहलाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकीम ईश्वर के प्रति अटूट भक्ति और कठिन परिस्थितियों में भी सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि कैसे प्रहलाद ने भगवान विष्णु की कृपा से हर संकट का सामना किया। और पूरी मानवता को भक्ति और धर्म के महत्व का संदेश दिया। इसके बाद गजेंद्र मोक्ष के प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने समझाया कि जब गजेंद्र ने भगवान विष्णु का सच्चे हृदय से आह्वान किया, तो भगवान ने स्वयं प्रकट होकर उसे संकट से मुक्त किया। यह प्रसंग दर्शाता है कि सच्चे श्रद्धालुओं की पुकार पर भगवान सदैव उनकी रक्षा के लिए आते हैं। वहीं शनिवार को समुद्र मंथन और कृष्ण जन्म के साथ रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला को विस्तार से रसपान कराया और बाल गोपाल द्वारा दहीं लूट लीला कराया गया और आज 20 जनवरी दिन सोमवार को महाराश के साथ-साथ रुखमणी विवाह कराया गया।

